**CATALYST COLLEGE**
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

# कैटलिस्ट कॉलेज ने आयोजित किया ‘कार्पोरेट कैंपस कनेक्ट’ कार्यक्रम

## उद्योग मंत्री तथा पाटलीपुत्रा विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर ने की कैटलिस्ट कॉलेज के उपलब्धियों की सराहना

कैटलिस्ट कॉलेज (सिमेज समूह से सम्बद्ध) द्वारा दिनाँक 20 दिसंबर (मंगलवार) को ‘कार्पोरेट कैंपस कनेक्ट’ “उद्योग संवाद : एक पहल – शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ उद्योग जगत की आवश्यकताओं को पूरा करने की” विषय पर एक इंटरैक्टिव सेमिनार का आयोजन स्थानीय ‘रवीन्द्र भवन’ में किया गया | **इस मौके पर उत्कर्ष स्मॉल फ़ाईनान्स बैंक द्वारा कैटलिस्ट कॉलेज से चयनित 41 छात्रों को जॉब ऑफर लेटर भी वितरित किया गया** | कार्यक्रम का उदघाटन बिहार सरकार के उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ तथा पाटलीपुत्रा विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डॉ० प्रो० आर०के० सिंह ने किया |

इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुये बिहार सरकार के उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि बिहार के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है | उन्होने कैटलिस्ट कॉलेज की असली सफलता ये है कि यहाँ के छात्र न सिर्फ बहुराष्ट्रीय कंपनियो मे जॉब प्राप्त कर रहे है बल्कि वे अपने स्टार्ट अप के साथ जॉब देने वाले बनेंगे | उन्होने कैटलिस्ट कॉलेज के अगले 5 सालों में बिहार से 1 लाख छात्रों को रोजगार दिलाने के संकल्प का स्वागत किया | उन्होने विप्रो टेक्नालजी के प्रतिनिधि से बिहार के छात्रों के स्किल डेवलपमेंट के लिए बिहार में ट्रेनिंग सेंटर खोलने का प्रस्ताव दिया |

वहीं छात्रों को संबोधित करते हुये पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डॉ० प्रो० आर०के० सिंह ने कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों की सफलताओं की सराहना की | उन्होने कहा कि ‘पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय के वोकेशनल कोर्स के सिलेबस बहुत जल्दी बदला जाएगा और इस नए सिलेबस को तैयार करने के लिए इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स की सलाह ली जाएगी ताकि पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय के वोकेशनल कोर्स इंडस्ट्री की वर्तमान जरूरतों के हिसाब से अद्यतन हों |’

वहीं ‘विप्रो टेक्नोलोजीज’ के एच०आर०विभाग प्रतिनिधि श्री अनुराग कीर्ति ने छात्रों को ‘विप्रो वर्क इंटीग्रेटेड लर्निंग प्रोग्राम के बारे मे जानकारी दी तथा आई०टी० इंडस्ट्री तथा की वर्तमान जरूरतों, प्लेसमेंट संबंधी जानकारी एवं विप्रो में ग्रोथ के बारे में जानकारी प्रदान की | उन्होने छात्रों को ‘लर्निंग- अनलर्निंग-रीलर्निंग’ का मंत्र दिया | साथ ही आई०टी० इंडस्ट्री में अच्छे ग्रोथ के लिए ‘अपस्किलिंग-रीस्किलिंग-मल्टीस्किलिंग’ के मंत्र को अच्छे से लोगों फॉलो करने को कहा | इस अवसर पर छात्रों ने सवाल-जवाब के माध्यम से अपनी जिज्ञासा को शांत किया | उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अबतक 122 छात्र विप्रो के कई राऊन्ड्स के टेस्ट उतीर्ण कर चुके हैं, जिनमे से 25 छात्रों को अंतिम तौर चयनित भी किया जा चुका हैं | शेष छात्रों का अभी फाइनल राउंड बाकी है | इस कार्यक्रम में, ‘उत्कर्ष स्माल फ़ाईनान्स बैंक’ के ज़ोनल मैनेजर (एच०आर०) श्री तापी भूषण सिंह ने छात्रों को बैंकिंग इंडस्ट्री की वर्तमान जरूरतों, प्लेसमेंट संबंधी जानकारी तथा बैंकिंग एवं फायनन्स इंडस्ट्री में करियर ग्रोथ के बारे में जानकारी प्रदान की | उत्कर्ष स्मॉल फ़ाईनान्स बैंक द्वारा कैटलिस्ट कॉलेज से चयनित 41 छात्रों को जॉब ऑफर लेटर भी वितरित किया गया |

इस अवसर ओर अतिथियों का स्वागत करते हुये कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों का चयन विप्रो, टी०सी०एस०, इन्फोसिस, कैपजेमिनी, कोग्निजेंट, एकसेंचर, आई.बी.एम., एमड़ोक्स, रैकस्पेस, जेनपैक्ट, इंटेल, ओरैकल, एच.पी., एच.सी.एल., टेक महिंद्रा, एल.टी.टी.एस., माईंडट्री, और पे-पाल जैसी कंपनियों में हुआ है | अकेले विप्रो में ही कैटलिस्ट कॉलेज के 1800 से ज्यादा छात्र कार्यरत हैं | यह कैटलिस्ट कॉलेज की प्रतिबद्धता और सफलता को दर्शाता हैं |” इस अवसर पर छात्रों का जोश देखने लायक था |

कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने प्लेसमेंट की सफलता का जश्न संगीत पर झूमकर तथा खुशी से नाचकर मनाया | मंच संचालन कैटलिस्ट कॉलेज समूह के डीन नीरज पोद्दार द्वारा किया गया | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज  की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल तथा सभी शिक्षक भी मौजूद थे |